WTO में संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन

drishtiias.com/hindi/printpdf/wto-largely-sides-with-us-in-dispute-over-china-grain-import-tariffs

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organisation- WTO)** ने चीन द्वारा चावल, गेहूँ और मक्का **पर टैरिफ-रेट कोटा (Tariff-Rate Quota- TRQ)** के उपयोग के खिलाफ संयुक्त राज्य अमेरिका के पक्ष में फैसला सुनाया है।

प्रमुख बिंदु

- इस मामले की सुनवाई के लिये WTO के विवाद निपटान निकाय द्वारा विशेषज्ञों का एक पैनल बनाया गया था।
- उक्त पैनल ने अपने फैसले में कहा कि चीन TRQ को पारदर्शी, पूर्वानुमानित और उचित आधार पर प्रशासित न करने के कारण 2001 में विश्व व्यापार संगठन का सदस्य बनते समय किये गए वादों का पालन करने में विफल रहा है।
- पैनल ने हालाँकि यह भी कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका यह दिखाने में विफल रहा है कि चीन ने TRQ के संबंध में **सामान्य समझौते के तहत टैरिफ एवं ट्रेड (General Agreement on Tariffs and Trade- GATT)** के सार्वजनिक नोटिस की बाध्यता का उल्लंघन किया है।

Tariff-Rate Quota- TRQ

TRQ द्विस्तरीय टैरिफ है। इसमें आयात की सीमित मात्रा के लिये 'इन-कोटा' के अंतर्गत कम टैरिफ लगाया जाता है और सीमित मात्रा से अधिक आयात पर 'आउट-ऑफ-कोटा' के अंतर्गत अधिक टैरिफ लगाया जाता है।

पृष्ठभूमि

- चीन की TRQ प्रणाली के कारण अमेरिकी अनाज चीन के बाज़ार तक नहीं पहुँच पाता है।
- ज्ञातव्य है कि इसे लेकर दिसंबर 2016 में ओबामा प्रशासन द्वारा विश्व व्यापार संगठन में एक शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें दावा किया गया था कि अमेरिकी चावल, गेहूँ और मक्का के आयात पर चीनी प्रतिबंध अवैध हैं।
- इसमें यह भी कहा गया था कि चीन द्वारा टैरिफ-रेट कोटा (TRQ) प्रणाली का उपयोग अपारदर्शी और अप्रत्याशित रूप में किया जाता है।

विश्व व्यापार संगठन

- विश्व व्यापार संगठन विश्व में व्यापार संबंधी अवरोधों को दूर कर वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने वाला एक **अंतर-सरकारी संगठन** है, जिसकी स्थापना **1995 में मारकेश संधि** के तहत की गई थी।

- इसका मुख्यालय **जनेवा** में है।
- वर्तमान में विश्व के अधिकतम देश इसके सदस्य हैं। सदस्य देशों का मंत्रिस्तरीय सम्मलेन इसके निर्णयों के लिये सर्वोच्च निकाय है, जिसकी बैठक प्रत्येक दो वर्षों में आयोजित की जाती है।

और पढ़ें...

विश्व व्यापार संगठन में 'नए मुद्दे'

कृषि सब्सिडी: डब्ल्यूटीओ बनाम भारत

स्रोत: द हिंदू बिज़नस लाइन